प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वैज्ञानिकों एवं पशुपालकों के मध्य वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन

विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम संजय नगर–2, कृत्रिम गर्भा धान केन्द्र–पन्तनगर एवं ग्राम झुका कृत्रिम गर्भा धान केन्द्र–सितारगंज में 8 से 9 अगस्त 2024 को पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के मध्य वैज्ञानिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन डा. चन्द्र भान सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। वित्तीय संस्था केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ से आये हुए प्रधान वैज्ञानिक डा. रविन्द्र कुमार एवं डा. प्रमोद सिंह ने पशुओं का अवलोकन करने के साथ–साथ पशु पालकों को नस्ल सुधार, पशु प्रबधन की वैज्ञानिक जानकारी दी। सह–परियोजना अधिकारी डा. रिपुसुदन कुमार, सहायक प्राध्यापक पशु पोषण विभाग द्वारा पशुओं की पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की जानकारी दी गयी। गोष्ठी में पशुपालकों का पंजीकरण कुमारी अराधना फुलार एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। गोष्ठी में कुल 35 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

2. गोष्ठी में पशुपालकों को पशु संबंधित सामग्री वितरण करते अधिकारी।

निदेशक संचार